J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING:10.08.2022

PIONEER

'हर घर तिरंगा' को सफल बनाने में सहयोग देंगे वालंटियर

प्रत्येक वालंटियर 20 परिवारों तक पहुंचेगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जेसी बोस विश्व विद्यालय में हर घर तिंरगा अभियान के तहत आयोजित बैठक में भाग लेते टीचर।

स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एनएसएस वालंटियर्स फरीदाबाद और पलवल जिले में 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

यह जानकारी यहां फरीदाबाद और पलवल जिलों के बीएड और इंजीनियरिंग कॉलेजों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में दी गई। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में देश भर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा फरीदाबाद और पलवल जिलों में सभी बीएड और इंजीनियरिंग कॉलेज की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय को सौंपी गई हैं। इस अवसर पर डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, एनएसएस कोऑर्डिनेटर प्रो प्रदीप डिमरी, प्रॉक्टर प्रो. मुनीश वशिष्ठ, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ अनुराधा पिल्लई, एनएसएस ऑफिसर डॉ उमेश कुमार और डॉ बिंदु मंगला भी मौजूद थे।

बैठक में बताया गया कि एनएसएस वालंटियर फरीदाबाद एवं पलवल जिलों में स्वतंत्रता दिवस समारोह में 15 अगस्त 1947 से पहले जन्में व्यक्तियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे। प्रत्येक वालंटियर 20 परिवारों तक पहुंचेगा और गांव, शहर, खण्ड, मंडल अथवा जिला स्तर पर आयोजित होने वाले समारोह में ऐसे व्यक्तियों के लिए सीट उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करेगा। इसी तरह प्रत्येक एनएसएस वालंटियर 13 से 15 अगस्त, 2022 तक 20 परिवारों तक पहुंच बनायेगा और उनके घरों पर तिरंगा फहराने में सहयोग देगा। यह गतिविधि विश्वविद्यालय एनएसएस समन्वयक और जिला एनएसएस समन्वयक की देखरेख में आयोजित की जायेगा।

इस अवसर पर फरीदाबाद और पलवल के विभिन्न कॉलेजों के प्रतिनिधियों ने हर घर तिरंगा अभियान की शानदार सफलता के लिए इसमें सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING:10.08.2022

THE TRIBUNE

SCIENCE WORKSHOP AT JC BOSE VARSITY

Faridabad: A workshop was organised to spread awareness about the 'Vidyarthi Vigyan Manthan' (VVM) by JC Bose University of Science and Technology with the help of 'Vijnana Bharti' (VIBHA), in collaboration with 'Vigyan Prasar' and the NCERT. The VVM is a national programme for popularising science among students of classes VI to XI, conceptualised to identify bright minds with a scientific aptitude.